अमर उजाला

02/04/26

बड़ा कदम

प्रयागराज स्थित कोर ने जारी किया ओएचई और पीएसआई का नया शेड्यूल ऑफ रेट्स

अधिक पावर वाली ओएचई से दौड़ेंगी ट्रेनें

अमर उजाला ब्यूरो



मुख्यालय में बुधवार को पुस्तक का विमोचन करते रेलवे के अधिकारी। स्रोत : विभाग

प्रयागराज। भारतीय रेलवे ने अपने विद्युतीकरण के बुनियादी ढांचे को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रयागराज स्थित केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) ने 2X25 केवी एसी ट्रैक्शन (अधिक पावर वाली ओएचई) सिस्टम के लिए शेड्यूल ऑफ रेट्स (एसओआर) की नई पुस्तिका जारी कर दी है। इसका औपचारिक विमोचन बुधवार को मुख्यालय में महाप्रबंधक/कोर अशोक कुमार वर्मा ने किया।

इस कदम से देश भर के जोनल रेलवे में अब अपग्रेडेशन कार्यों के आकलन और टेंडर प्रक्रिया में न केवल पारदर्शिता आएगी, बल्कि काम की रफ्तार भी बढ़ेगी। कोर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह नेगी द्वारा बुधवार को जारी पत्र के अनुसार, यह नया रेट चार्ट रेलवे बोर्ड के पिछले वर्ष के निर्देशों के अनुपालन में तैयार किया गया है।

बता दें कि रेलवे बोर्ड ने अगस्त 2025 में कोर को यह जिम्मेदारी सौंपी थी कि वह वर्तमान ओएचई को अधिक पावर वाली ओएचई में अपग्रेड करने के लिए पीएसआई मदों की दरों का निर्धारण करे। वर्तमान में भारतीय रेल के अधिकांश हिस्सों में 1X25 केवी सिस्टम काम कर रहा है।

इसे 2X25 केवी में बदलने से भारी मालगाड़ियों और हाई-स्पीड ट्रेनों का संचालन अधिक सुगम हो जाएगा। अब तक इसके लिए मानक दरों की कमी के कारण जोनल रेलवे को बजट का अनुमान लगाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

नई पुस्तिका जारी होने के बाद अब विद्युतीकरण कार्यों की लागत का सटीक अनुमान लगाया जा सकेगा। टेंडर प्रक्रिया में होने वाली देरी पर भी लगाम लगेगी।

हिन्दुस्तान

02/04/26



कोर के जीएम ने अनुसूची पुस्तिका का किया विमोचन।

कोर में अनुसूची पुस्तिका का किया विमोचन

प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन(कोर) प्रयागराज ने भारतीय रेल के ब्रॉड गेज का लगभग 70 प्रतिशत विद्युतीकरण किया है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कोर की ओर से व्यापक तकनीकी, वित्तीय गहन जांच, लागत संबंधी परिवर्तनों एवं नवीन कर प्रणाली को समाहित कर तैयार की गई। जिसका औपचारिक विमोचन बुधवार को कोर के जीएम अशोक कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कोर संजय सिंह नेगी, आलोक बिहारी अग्रवाल, अजय कुमार लाल श्रीवास्तव, कौशल कुमार श्रीवास्तव, नरेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

आज
02/04/26

कोर में कर्षण प्रणालीके लिए दर अनुसूची पुस्तिकाका विमोचन



भारतीय रेल मे प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिशन गति शक्ति हेतु पूरे भारतीय रेल मे २ गुणा २५ किलोवाट एसी कर्षण प्रणाली का रेल विद्युतीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जाना है किन्तु एकरूप दर अनूसूची के अभाव में निविदा प्रक्रिया का कार्य बहुत धीमी गति से हो पा रहा है। रेल विद्युतीकरण के कार्य मे दक्ष केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने कुल भारतीय रेल के ब्राड गेज का लगभग ७० प्रतिशत विद्युतीकरण किया है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कोर द्वारा २ गुणा २५ कि.वो. ए.सी. कर्षण प्रणाली हेतु दर अनूसूची व्यापक तकनीकी, वित्तीय गहन जांच, लागत संबंधी परिवर्तनों एवं नवीन कर प्रणाली को समाहित कर तैयार की गयी जिसका औपचारिक विमोचन आज महाप्रबंधक, कोर अशोक कुमार वर्मा द्वारा मुख्यालय प्रयागराज मे किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, कोर डाक्टर संजय सिंह नेगी, उप मु. वि. अभि. आलोक बिहारी अग्रवाल, उप वि.स. एवं मु.ले.अधि. अजय कुमार लाल श्रीवास्तव, उप वि.स. एवं मु.ले.अधि. कौशल कुमार श्रीवास्तव, सचिव-महाप्रबंधक, कोर नरेन्द्र चौधरी, उप मु. वि. अभि. कल्याण सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चेतना विचार धारा

02/04/26

रेल विद्युतीकरण संगठन ने ब्रॉड गेज के 70 प्रतिशत विद्युतीकरण कार्य को किया पूर्ण

कोर महाप्रबंधक ने 225 किवो कर्षण प्रणाली दर अनुसूची पुस्तिका का किया विमोचन

प्रयागराज। भारतीय रेल मे प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिशन गति शक्ति हेतु पूरे भारतीय रेल मे 225 कि.वो.ए.सी. कर्षण प्रणाली का रेल विद्युतीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जाना है किन्तु एकरूप दर अनूसूची के अभाव में निविदा प्रक्रिया का कार्य बहुत धीमी गति से हो पा रहा है। रेल विद्युतीकरण के कार्य मे दक्ष केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने कुल भारतीय रेल के ब्रॉड गेज का लगभग 70% विद्युतीकरण किया है। अतः रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कोर द्वारा 225 कि.वो.ए.सी. कर्षण प्रणाली हेतु दर अनूसूची व्यापक तकनीकी, वित्तीय गहन जांच, लागत संबंधी परिवर्तनों एवं नवीन कर प्रणाली को समाहित कर तैयार की गयी जिसका औपचारिक



विमोचन बुधवार को महाप्रबंधक/कोर अशोक कुमार वर्मा द्वारा मुख्यालय प्रयागराज मे किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कोर डॉ. संजय सिंह नेगी, उप मु.वि.अभि. श्री आलोक बिहारी अग्रवाल, उप वि.स. एवं मु.ले.अधि. अजय कुमार लाल श्रीवास्तव, उप वि.स. एवं मु.ले.अधि. कौशल कुमार श्रीवास्तव, सचिव/महाप्रबंधक/कोर नरेन्द्र चौधरी, उप मु.वि.अभि. कल्याण सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दर अनुसूची के लागू होने से भारतीय रेल की 125 कि.वो.ए.सी. कर्षण प्रणाली को 225 कि.वो.ए.सी. कर्षण प्रणाली में उन्नत (अपग्रेड) करने संबंधी परियोजनाओं की निविदा प्रक्रियाओं में तीव्रता आएगी, लागत में अखिल भारतीय एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

न्यायाधीश

2/04/26

कोर में 2×25 कि.वो. कर्षण प्रणाली हेतु दर अनुसूची पुस्तिका का विमोचन



प्रयागराज। भारतीय रेल मे प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिशन गति शक्ति हेतु पूरे भारतीय रेल मे 2×25 कि.वो. ए.सी. कर्षण प्रणाली का रेल विद्युतीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जाना है किन्तु एकरूप दर अनूसूची के अभाव में निविदा प्रक्रिया का कार्य बहुत धीमी गति से हो पा रहा है। रेल विद्युतीकरण के कार्य मे दक्ष केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने कुल भारतीय रेल के ब्रॉड गेज का लगभग 70इ विद्युतीकरण किया है। अतः रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कोर द्वारा 2×25 कि.वो.. ए.सी. कर्षण प्रणाली हेतु दर अनूसूची व्यापक तकनीकी, वित्तीय गहन जांच, लागत संबंधी परिवर्तनों एवं नवीन कर प्रणाली को समाहित कर तैयार की गयी जिसका औपचारिक विमोचन आज दिनांक 01.04.2026 को माननीय महाप्रबंधक/कोर अशोक कुमार वर्मा द्वारा मुख्यालय प्रयागराज मे किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कोर डॉ. संजय सिंह नेगी, उप मु. वि. अभि. आलोक बिहारी अग्रवाल, उप वि.स. एवं मु.ले.अधि. अजय कुमार लाल श्रीवास्तव, उप वि.स. एवं मु.ले.अधि. श्री कौशल कुमार श्रीवास्तव; सचिव/महाप्रबंधक/ कोर नरेन्द्र चौधरी, उप मु. वि. अभि. श्री कल्याण सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस दर अनुसूची के लागू होने से भारतीय रेल की 1×25 कि.वो. ए.सी. कर्षण प्रणाली को 2×25 कि.वो. ए.सी. कर्षण प्रणाली में उन्नत (अपग्रेड) करने संबंधी परियोजनाओं की निविदा प्रक्रियाओं में तीव्रता आएगी, लागत में अखिल भारतीय एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी ।

स्वतंत्र चेतना
02/04/26

रेल विद्युतीकरण संगठन ने ब्रॉड गेज के 70 प्रतिशत विद्युतीकरण कार्य को किया पूर्ण

प्रयागराज। भारतीय रेल मे प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिशन गति शक्ति हेतु पूरे भारतीय रेल मे 225 कि .वो . ए .सी . परिवर्तनों एवं नवीन कर प्रणाली को समाहित कर तैयार की गयी जिसका औपचारिक विमोचन बुधवार को महाप्रबंधक/कोर अशांक कुमार वर्मा द्वारा मुख्यालय प्रयागराज मे किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कोर डॉ . संजय सिंह नेगी, उप मु . वि . अभि . श्री आलोक बिहारी अग्रवाल, उप वि .स . एवं मु .ले .अधि . अजय कुमार लाल श्रीवास्तव, उप वि .स . एवं मु .ले .अधि . कौशल कुमार श्रीवास्तव, सचिव/महाप्रबंधक/कोर नरेन्द्र चौधरी, उप मु . वि . अभि . कल्याण सिंह तथा अन्य अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दर अनुसूची के लागू होने से भारतीय रेल की 125 कि .वो . ए .सी . कर्षण प्रणाली को 225 कि .वो . ए .सी . कर्षण प्रणाली में उन्नत (अपग्रेड) करने संबंधी परियोजनाओं की निविदा प्रक्रियाओं में तीव्रता आएगी, लागत में अखिल भारतीय एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी ।

कोर महाप्रबंधक ने 225 किवो कर्षण प्रणाली दर अनुसूची पुस्तिका का किया विमोचन

कर्षण प्रणाली का रेल विद्युतीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जाना है किन्तु एकरूप दर अनुसूची के अभाव में निविदा प्रक्रिया का कार्य बहुत धीमी गति से हो पा रहा है। रेल विद्युतीकरण के कार्य मे दक्ष केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने कुल भारतीय रेल के ब्रॉड गेज का लगभग 70% विद्युतीकरण किया है। अत : रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कोर द्वारा 225 कि .वो . ए .सी . कर्षण प्रणाली हेतु दर अनूसूची व्यापक तकनीकी, वित्तीय गहन जांच, लागत संबंधी

